मेरा साथी खाटूवाला है | By Karishma Chawla

श्याम के रहते अब जीवन में चिंता नहीं सताये
हर मुश्किल से पहले मेरा बाबा खुद आ जाए
रा साथी खाटूवाला है, मेरा साथी खाटूवाला है
मेरा साथी खाटूवाला है, मेरा साथी मुरलीवाला है

श्याम किरपा से चल जाती बिन माझी के नैया
हर दम मेरे साथ खड़ा है वो चितचोर कन्हैया
कश्ती कैसे डूबे जब ये खुद पतवार चलाये
मेरा साथी खाटूवाला है ....

जो रहते हैं श्याम भरोसे उनको श्याम संभाले
पग पग पर चलते हैं बाबा बन कर के रखवाले
अपने प्रेमी की मेरा बाबा हर दम लाज बचाये
मेरा साथी खाटूवाला है ....

जिनके घर में जलती माधव श्याम नाम की ज्योति
उनके आँगन में बरसाए ये खुशियों के मोती
श्याम शरण में रहने वाले जग को यही बताये
मेरा साथी खाटूवाला है ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%a5%e0%a5%80-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-karishma-chawla/